

# 2029 तक जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प

**बाल विवाह के अंत से ही किशोरियों के सपनों की शुरुआत होगी**

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 08 दिसम्बर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास द्वारा शहर के पीजी कॉलेज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनअभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए छात्रों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर समस्या है जो किशोर-किशोरियों के विकास पर विराम लगा देती है।



बाल विवाह के अंत से ही किशोरियों के सपनों की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने आसपास के लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताएं और उन्हें बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करें।

**बाल विवाह की समाप्ति तक चलेगा अभियान**

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 27 नवंबर 2024 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य वर्ष 2029 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाना है। यह सिर्फ एक अभियान नहीं, सामुदायिक जन आंदोलन है, जो बाल विवाह की समाप्ति तक जारी रहेगा। यह एक अभियान नहीं, बाल विवाह के अंत का शंखनाद है। हमें जन जागरण के माध्यम से इस कुरीति को समाप्त करना है। बाल संरक्षण अधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि देश से बाल विवाह को मिटाने के लिए 100 दिवसीय अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से अधिक से अधिक लोगों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों से परिचित कराकर अभियान से जोड़ेंगे और उन्हें बाल विवाह की खिलाफत करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे। कार्यक्रम में जनअभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन ने कहा कि यह मुद्दा सामाजिक विकास को प्रभावित करता है, हम सभी को मिलकर इसे समाप्त करना होगा। परामर्शदाता केशव शर्मा, पदमा शिवहरे, सीमा पचौरी एवं रेखा समाधिया ने भी अपने विचार रखे। छात्रों ने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए संकल्प लिया।

# बीएलओ बृजेन्द्र ने 100 फीसदी किया कार्य



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 08 दिसम्बर।** जिले में विभिन्न मतदान केन्द्रों में पर तैनात बूथ लेवल अधिकारी द्वारा दिन-रात अथक परिश्रम कर एसआईआर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। शहर से लेकर गांव तक बीएलओ तमाम विपरीत जमीनी परिस्थितियों के बावजूद इस जटिल कार्य को पूर्ण करने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में शिवपुरी विकासखण्ड के सुदूर ग्रामीण अंचल में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 210 गढ़ीबरोद कॉलोनी पर तैनात बूथ लेवल अधिकारी व शिक्षक बृजेन्द्र भार्गव जिन्हें कुछु भार्गव के नाम से पहचाना जाता है। उन्होंने तमाम अड़चनों के बावजूद एसआईआर कार्य को 100 फीसदी पूर्ण कर लिया है। कुछु भार्गव को जहां बीते रोज प्रशासनिक स्तर पर सम्मानित किया गया था तो वहीं सोमवार को भाजपा के एसआईआर सर्वे के लिए नियुक्त जिला संयोजक हरवीर सिंह रघुवंशी, उपाध्यक्ष नबाव सिंह कुशवाह, विधानसभा संयोजक मुन्नालाल कुशवाह एवं युवा नेता सुरेन्द्र गुर्जर द्वारा भार्गव को माला पहनाकर सम्मानित किया गया व इस कार्य के लिए मुक्त कंठ से सराहना की गई इस दौरान ग्रामीण सहित बूथ समिति के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कुछु भार्गव की इस उपलब्धि पर शिक्षक नेता स्नेह सिंह रघुवंशी,कौशल गौतम,नीरज सरैया, वीरेन्द्र शिवहरे, उमेश करारे, प्रदीप अवस्थी, मनोज खत्री,कपिल पचौरी सहित अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है।

# नि:शुल्क कैंसर परीक्षण एवं निदान शिविर बुधवार को

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 08 दिसम्बर।** तथागत फाउंडेशन एंव गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में मानस भवन के सामने,न्यू ब्लॉक विद्या मंदिर स्कूल के पास स्थित गायत्री परिवार एक्यूप्रेशर हेल्थ पार्क में बुधवार 10 दिसंबर को शाम 4 से 6 बजे तक निशुल्क कैंसर निदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में महिलाओं हेतु स्तन और गर्भाशय के कैंसर का निशुल्क परीक्षण एवं निदान किया जावेगा उक्त आयोजन तथागत फाउंडेशन शिवपुरी एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया जावेगा। उक्त शिविर प्रति महीने दूसरे और चौथे बुधवार को आयोजित किया जाता है। इस शिविर में गर्भाशय और ब्रेस्ट कैंसर का परीक्षण महिला चिकित्सकों के द्वारा किया जावेगा तथा जांच आदि भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इस शिविर में यूट्रस कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की जांच और परीक्षण महिला चिकित्सक के द्वारा किया जावेगा। डॉ पी के खरे ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं में होने वाले ब्रेस्ट और यूट्रस कैंसर के प्रति जागरूकता पैदा करने के साथ भ्रान्ति का निराकरण और समुचित इलाज करना है इस शिविर में एफ एन ए सी, पैप्समीयर, पंच बायोप्सी,इन प्रिंट सैटालाजी जैसी जांचें निशुल्क की जायेंगे। तथागत फाउंडेशन की सचिव पुष्पा खरे ,श्वेता, आकांक्षा गौड, प्रीति जैन ,नम्रता गौतम सहित तथागत फाउंडेशन की सभी महिला सदस्यों ने शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# नाली निर्माण में गड़बड़ी पर पंचायत सचिव निलंबित



**शिवपुरी।** जिला पंचायत शिवपुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज द्वारा नाली निर्माण कार्य में की गई गंभीर अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत खोड के सचिव सुरेन्द्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जनपद पंचायत पिछोर के पत्र क्रमांक 1514 दिनांक 14 नवम्बर 2025 के आधार पर सरपंच ग्राम पंचायत कछौआ अजय लोधी द्वारा वर्ष 2022–23 के तहत नाली निर्माण (प्रभू वंशकार के घर से ब्रजभान के घर तक) में हुई अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। जांच में पाया गया कि कुल 5,68,800 रुपये की राशि आहरित की जा चुकी है, जबकि मौके पर कार्य शून्य पाया गया। जांच प्रतिवेदन में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त अवधि में पदस्थ तत्कालीन सचिव सुरेन्द्र शर्मा इस वित्तीय अनियमितता एवं लापरवाही के लिए प्रत्यक्ष रूप से दोषी हैं। यह कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, अनुशासनहीनता और वित्तीय नियमों का उल्लंघन दर्शाता है। मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 एवं पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत कार्रवाई करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सचिव सुरेन्द्र शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जनपद पंचायत पिछोर में मुख्यालय संबंध किया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# डॉ . साधना गौतम पीजी के लिए चयनित

**शिवपुरी , 08 दिसम्बर।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष जाटव की बेटी डॉ. साधना गौतम ने क्षेत्र का नाम एक बार फिर रोशन किया है। डॉ. गौतम का चयन ग्वालियर स्थित गजरा राजा मेडिकल कॉलेज में प्रसूति एवं स्त्री रोग विषय में पीजी के लिए हुआ है। डॉ. साधना गौतम पिछले करीब एक वर्ष से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं । बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, विधायक रमेश खटीक सहित कई गणमान्य लोगों ने डॉ. गौतम को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।


**KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**TENDER NOTICE NO. 106**

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for works such as guttering and road concreting within the limits of the lokshair Annabhau Sathe Nagari Dalit Vasti Sudharana Yojana. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 09/12/2025 09.30 AM to 16/12/2025 at 3.30 PM. Tender Opening Date 17/12/2025 at 4.00 pm.
Date 08/12/2025

**Sd/-**
**City Engineer**
**Kolhapur Municipal Corporation**


# ‘यूनिक ब्रिज-स्लैब सिटी रोड’ मॉडल : फायदे तो कई, लेकिन कौन-सी चुनौतियाँ आएँगी?



देश के तेजी से बढ़ते शहरी क्षेत्रों में यातायात, सीवेज, पेयजल, बिजली और दूरसंचार जैसी शहरी सेवाओं के लिए जगह की कमी एक बड़ी समस्या बन रही है। पानी की लाइन आदि की वज़ह से नयी नवेली सड़कों को भी खोद दिया जाता है, जिससे नगरीय प्रशासन को जनता की आलोचना का सामना करना पड़ता है।

इसी चुनौती को देखते हुए हमें एक नए समाधान की ओर कदम बढ़ाना चाहिए, जो है —ब्रिज-स्लैब आधारित सिटी रोड, जिसमें सड़क का मुख्य ढांचा एक सतही फ्लाईओवर जैसी स्लैब पर बनाया जाए। इस स्लैब के नीचे पानी की पाइपलाइन, सीवरेज, ऑप्टिकल फाइबर, बिजली लाइनें और अन्य यूटिलिटी सुरक्षित रूप से व्यवस्थित की जा सकेंगी। इससे बार बार खुदाई की ज़रूरत कम होगी और रखरखाव भी आसान होगा।

दुनिया भर में और भारत में इससे पहले यूटिलिटी डक्ट वाली सड़कों का निर्माण किए जाने के प्रयास किए गए हैं किन्तु हम भारत की बात करें तो नगरीय निकायों के लिए (सारी दुनिया के लिए) आए दिन टूट फूट से जूझ रही सड़कों के स्थान पर ब्रिज-स्लैब आधारित सिटी रोड बिल्कुल नया, टिकाऊ और सस्ता विकल्प है। हालांकि इस मॉडल के कई फायदे होने के बावजूद, इसे बिना रिटेनिंग वॉल, बिना डीप पाइल फाउंडेशन (गहरी नींव) और बिना भूमि-अधिग्रहण के लागू करना अपने आप में बड़ी चुनौतियाँ लेकर आता है। आइए समझते हैं कि कौन-सी व्यवहारिक और तकनीकी समस्याएँ सामने आ सकती हैं।

पहली समस्या है कि ऐसी सड़क के नीचे मिट्टी की क्षमता और सतही नींव पर भार का दबाव रहेगा यानि कि अगर ब्रिज स्लैब को गहरी पाइलिंग के बिना बनाया जाएगा तो पूरा भार उथली नींव या स्प्रेड फुटिंग पर आएगा। मध्यप्रदेश के कई शहर—जैसे इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर—में अलग-अलग तरह की मिट्टी पाई जाती है, जिनमें ब्लैक कॉटन सोइल (काली मिट्टी) भी शामिल है। यह मिट्टी वर्षा में फूलती और गर्मी में सिकुड़ती है, जो संरचना के नीचे खालीपन और असमान बैठने का जोखिम बढ़ा देती है। इसमें चुनौती यह है कि भार उठाने के लिए आवश्यक मजबूती सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत जियोटेक्निकल सर्वे और अतिरिक्त ग्राउंड इम्प्रूवमेंट की आवश्यकता पड़ेगी, जिससे परियोजना की लागत और समय दोनों बढ़ेंगे। दूसरी समस्या बिना रिटेनिंग वॉल सड़क की सुरक्षा और ढलान प्रबंधन की है क्योंकि रिटेनिंग वॉल ना होने पर सड़क के किनारे की मिट्टी बरसात में कटाव का सामना कर सकती है। इससे ब्रिज-स्लैब के किनारे अस्थिरता पैदा हो सकती है। शहरों में जहां जगह सीमित होती है, वहाँ ढलान बनाना भी संभव नहीं रहता। ऐसे में चुनौती के तौर पर बरसाती पानी के तेज बहाव से ढांचे के किनारों को नुकसान पहुँच सकता है, और लंबे समय में बेस स्ट्रक्चर कमजोर होने का खतरा रहता है। ढलान प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय महंगे और जटिल हो सकते हैं।

तीसरी समस्या जल निकासी का बड़ा प्रश्न है। ब्रिज-स्लैब रोड के नीचे यूटिलिटी रखने के बाद मुख्य चिंता यह होती है कि बारिश के दौरान पानी बहकर कहाँ जाएगा। यदि सड़क के साथङ्कसाथ बड़े स्टॉर्म-वाटर ड्रेनेज की व्यवस्था है, तो उसकी सफाई सुनिश्चित रखना चुनौती होगा, क्योंकि कचरा और प्लास्टिक शहरों में भारी मात्रा में जमा होता है।

ऐसे में ड्रेनेज के जाम होने की स्थिति में पानी सीधे सड़क पर भर सकता है। स्लैब संरचना पर लगातार पानी का दबाव क्रैक, लीकेज और यूटिलिटी क्षति का खतरा बढ़ाता है।

गौरतलब है कि स्लैब के नीचे यूटिलिटी रखना फायदे का मॉडल है, परन्तु इसके लिए सुरक्षा, वेंटिलेशन, नियमित निरीक्षण एवं सफाई का अत्यंत सुव्यवस्थित सिस्टम चाहिए। नगर निगमों और स्थानीय निकायों में अक्सर मानव-शक्ति और तकनीकी साधनों की कमी रहती है। यदि रखरखाव समय पर न हो, तो पाइप लीकेज, गैस जमा होना, विद्युत जोखिम और अग्नि खतरे जैसी समस्याएँ पैदा हो सकती हैं।

तमाम चुनौतियों के बावजूद इस तरह की सड़कों का निर्माण नगरों को बार-बार की सड़कों की मरम्मत, नुकसान, धूल आदि से बचा सकता है और दूरगामी नजरिया से देखा जाए तो अर्थ की समस्या से जूझ रहे नगरीय निकायों को लंबे समय के लिए बेहतरीन और सस्ता विकल्प साबित हो सकता है।

**सुधीर मिश्रा**

# जिला न्यायालय में एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर का उद्घाटन किया

**मुरैना।** जिला न्यायालय मुरैना के परिसर में एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरैना संगीता मदान द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना हितेन्द्र द्विवेदी, अन्य न्यायाधीशगण तथा जिला अभिभाषक संघ मुरैना के अध्यक्ष, अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के निर्देशों के अनुरूप राज्य के समस्त जिला स्थापनाओं पर एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क सेंटर स्थापित किये जायेंगे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
**(पूर्व में केपिटल फर्स्ट लिमिटेड तथा आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के संग एकीकृत)**
**(CIN: L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस :** केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
**फोन :** +91 44 4564 4000, **फैक्स :** +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**सार्वजनिक सूचना**
**स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से उसके द्वारा प्राप्त स्वर्ण आभूषण के विरुद्ध ऋण सुविधा के लिए बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है. चूंकि उधारकर्ता सुविधा के तहत बकाया राशि चुकाने में विफल रहा है. हम **17/12/2025** को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं. यदि इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई घाटा होता है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खाते को नीलामी से हटाने का अधिकार है. इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम | शाखा का नाम |
| --- | --- | --- |
| 169047359 | राजू यादव | दतिया एमबीएल |
| 163854004 | उज्जवल गोस्वामी | दतिया एमबीएल |
| 172873423 | विपिन गुर्जर | दतिया एमबीएल |
| 172710728 | कैलाशी यादव | ग्वालियर लश्कर एमबीएल |
| 171992886 | अनूप सिंह | ग्वालियर लश्कर एमबीएल |

नीलामी 17/12/2025 को दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net के माध्यम से ऑनलाइन / 17/12/2025 को दोपहर 3.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक http://gold.samil.in के माध्यम से आयोजित की जाएगी. इस प्रकाशन के माध्यम से संबंधित उधारकर्ताओं को अंतिम सूचना और अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे निर्धारित नीलामी तिथि से पहले सुविधा वापस ली गई राशि, सभी ब्याज और शुल्कों के साथ चुका दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी की जाएगी. कृपया ध्यान दें कि यदि समय सीमा के कारण नीलामी उसी दिन पूरी नहीं होती है तो बैंक अगले 7 दिनों के भीतर उन्हीं नियमों और शर्तों पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की फिर से नीलामी करेगा.
**दिनांक- 09/12/2025, स्थान- मध्य प्रदेश**




# यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 08 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत सीएमसीएल डीपी कक्षाओं को लेकर की गई यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 08 दिसंबर को एसएएफ मैदान पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत कक्षाओं के लिए प्रारंभ की गई यात्रा को यहां मौजूद अतिथियों एडवोकेट स्टैंडिंग काउंसलिंग भारत सरकार अरविंद पाराशर, भाजपा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शारदा मित्तल, अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल, अंकुर त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। अतिथियों ने सभी छात्रों को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत भी किया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के समन्वयक बीडी शर्मा ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वृंदावन और बरसाना के प्राचीन आश्रमों का भ्रमण कर भारत की संस्कृति की ओर गुरुकुल शिक्षा से छात्रों को परिचित कराना प्रेमानंद महाराज की अमृत वचन प्राप्त कर रमनरेती बांके बिहारी के दर्शन कर यमुना आरती का लाभ लेना इस यात्रा का महत्वपूर्ण अंग है। जिससे युवाओं के अंदर प्राचीन संस्कृति के प्रति लगाव और आदर का भाव जागृत हो। इस दौरान समस्त नामांकुर परीक्षित शर्मा, जितेंद्र शर्मा, विष्णु सिंह तोमर, अल्केश राठौर, के.एन. शर्मा, सहदेव शर्मा, परामर्शदाता कुमार शर्मा, विनोद शर्मा, जय बागड़ी, कमल किशोर त्यागी, मनीष कोठारी, विनोद शर्मा एवं समस्त छात्र-छात्राओं सहभागी थीं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया ने विश्राम गृह पर यात्रियों को हरी झंडी दिखाते हुए उनका स्वागत भी किया।

## मनोज गुर्जा बने भाजपा के जिला मंत्री

**मुरैना/जौरा।** विधानसभा क्षेत्र के युवा जनसेवा के वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सिकरवार गुर्जा को हाल ही में घोषित बीजेपी की कार्यकारिणी में जिला मंत्री बनाया गया है। जिला मंत्री बनने पर मनोज सिंह ने कहा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ मुझे जिला मंत्री पद का दायित्व दिया है उस पर मैं पूरी तरह से खरा उतारने का प्रयास करूंगा। पार्टी की जनहितैषी नीतियां जन-जन प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाने के लिए लगातार संपर्क लोगों से करता रहूंगा। मनोज सिंह का यह भी कहना था कि केंद्र एवं प्रदेश में लगातार भाजपा की सरकार होने से विकास दर विकास की गाथा लिखी जा रही है। जौरा-कैलारस विधानसभा क्षेत्र में सर्वहारा वर्ग के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाओं से सर्वहारा वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में बच्चों को प्रदान की जा रही सेवाएँ

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना,08दिसम्बर।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात शिशुओं से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को समग्र एवं निरंतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पाए जाने वाले जन्मजात दोषों, कुपोषण, विकासात्मक देरी तथा विभिन्न बीमारियों की समय पर पहचान कर उनका नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके और वे स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हों।उन्होंने बताया कि बाल स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की प्रक्रिया जन्म के समय प्रसव स्थल पर, 0 से 6 सप्ताह तक आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर, 6 सप्ताह से 6 वर्ष तक आंगनवाड़ी केंद्रों में तथा 6 से 18 वर्ष तक स्कूलों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से की जाती है। जिन बच्चों में किसी प्रकार की जन्मजात विकृति पाई जाती है, उन्हें विशेष जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (डी.ई.आई.सी.) में रेफर किया जाता है, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जाँच एवं उपचार की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। जिले में 01 अप्रैल 2025 से नवम्बर 2025 तक लगभग 2,17,288 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।



# फ्रेंडशिप सीरीज का तीसरा लेदर बाल मैच खेला

**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 08 दिसम्बर।** शीतकालीन सत्र में फ्रेंडशिप सीरीज का तीसरा लेदर बाल मैच सर क्रिकेट अकादमी बदरवास एवं शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बदरवास तहसीलदार प्रदीप भार्गव, सर क्रिकेट अकादमी अध्यक्ष एवं नगर पार्षद उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह यादव ने मौजूद रहकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया,सर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 145 रन ही बना सकी और 20 ओवर में आल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक 35 रन नाबाद पावन परिहार का योगदान रहा शिवपुरी क्रिकेट अकादमी की ओर से निहाल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसके जवाब में शिवपुरी क्रिकेट अकादमी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 21.4 ओवर में 125 रन ही बना सकी और आल आउट हो गई जिसमें सर्वाधिक 65 रनों का योगदान कार्तिक कुशवाह का रहा,सर क्रिकेट अकादमी बदरवास ओर से अमित परिहार 24 रन देकर 4 विकेट लिए और यह मैच 20 रनों से जीत लिया, मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया,इस दौरान सर क्रिकेट अकादमी कोच संजय ग्वाल मैच के अंपायर राम सिंह सुमन, जितेंद्र बरोलिया, इरफान खान आदि लोग मौजूद रहे।


SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई-400051
**पंजीकृत कार्यालय:** कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के प्रावधानों के अंतर्गत, मैं, अधिनियम के अंतर्गत एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (जिसे आगे एसएमएचएफसी कहा जाएगा) का प्राधिकृत अधिकारी हूं तथा अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 3 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग नोटिस जारी करता हूं, जिसमें निम्नलिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। नीचे हस्ताक्षरकर्ता का यथोचित मानना है कि उधारकर्ता(ऋणकर्ता) मांग नोटिस की तामील से बच रहे हैं, इसलिए नोटिस की तामील नियमों के अनुसार चिपकाकर और प्रकाशित करके की जा रही है। मांग नोटिस की विषय-वस्तु नीचे उद्धृत की गई है:

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या और उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता संपत्ति धारकों का नाम, जैसा भी मामला हो | सुरक्षित परिसंपत्तियों / बंधक संपत्ति का विवरण | डेमो नोटिस का विवरण धारा 13 (2) और संपूर्ण ओ/एस के तहत। |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | लैन: 604339511482094<br>1. अरबिंद सिंह<br>2. प्रीति सेन 3. न्यू पल्लवी कटिंग हेयर सैलून<br>पता : वार्ड क्रमांक 02 ग्राम बड़ोखर नंदेपुरा रोड से हटकर मुरैना म.प्र. 476001 | ऑल दैट पीस एंड पार्सल हाउस, गांव बड़ोखर, वार्ड नंबर 02, परगना और जिला मुरैना (M.P.) के सर्वे नंबर 1404 के हिस्से में एक घर। इसका एरिया 500 Sq.ft. है। प्रॉपर्टी की सीमा इस तरह है: पूरब में बेचने वाले का प्लॉट, पश्चिम में 20 Ft. चौड़ी सड़क, उत्तर में रिंकू श्रीवास का प्लॉट, दक्षिण में बेचने वाले का प्लॉट। | 11.11.2025<br>रू. 858816.00 रुपये<br>(आठ लाख अट्ठावन हजार आठ सौ सोलह मात्र)<br>07.11.2025 तक<br>एनपीए तिथि: 05.11.2025 |
| 2 | लैन: 604339511232153 और 604339511455206<br>1. सुनील कुमार शर्मा<br>2. धर्मेंद्र शर्मा<br>3. सरोज शर्मा<br>4. सुनील स्क्रैप ट्रैफर्स<br>पता : ग्राम सुंदरपुर मुरैना 476001 | ऑल दैट पीस एंड पार्सल हाउस, ग्राम अतरसुमा नगरपालिका के सर्वे संख्या 858 के भाग, प्लॉट संख्या 03 पर निर्मित है। वार्ड संख्या 04, ग्राम अतरसुमा, ए.बी. रोड के पास, तहसील और जिला मुरैना, मध्य प्रदेश। इसका क्षेत्रफल 895.62 वर्ग फुट है। संपत्ति की सीमा पूर्व- प्लॉट संख्या 04, पश्चिम-, प्लॉट संख्या 02, उत्तर- दंडौतिया फार्म, दक्षिण- 30 फुट चौड़ी सड़क है। | 11.11.2025<br>रु. 1262854.00<br>(बारह लाख बासठ हजार आठ सौ चौवन मात्र)<br>07.11.2025 तक<br>एनपीए तिथि: 05.11.2025 |

उधारकताओं को सलाह दी जाती है कि वे मांग नोटिस का अनुपालन करें और इसमें उल्लिखित मांग राशि का भुगतान इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर लागू ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, बाउंस शुल्क, लागत और व्यय के साथ भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक करें। उधारकर्ता ध्यान दें कि **एसएमएचएफसी** एक सुरक्षित ऋणदाता है और उधारकताओं द्वारा प्राप्त ऋण सुविधा उधारकताओं द्वारा बंधक रखी गई अचल संपत्ति/संपत्तियों के खिलाफ एक सुरक्षित ऋण है। यदि उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो **एसएमएचएफसी** सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा करने के लिए अधिनियम की धारा 13(4) के तहत सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हकदार होगा, जिसमें बिक्री के माध्यम से या अधिनियम और उसके नियमों के तहत उपलब्ध किसी अन्य उपाय को लागू करके उन्हें स्थानांतरित करना और भुगतान प्राप्त करना शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। **एसएमएचएफसी** को बिक्री या हस्तांतरण के अधिकार को लागू करने से पहले सुरक्षित संपत्तियों को कुर्क करने और/या सील करने का भी अधिकार है। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के बाद, **एसएमएचएफसी** को बकाया राशि वसूलने के लिए अलग से कानूनी कार्यवाही शुरू करने का भी अधिकार है, अगर गिरवी रखी गई संपत्तियों का मूल्य **एसएमएचएफसी** को देय बकाया राशि को कवर करने के लिए अपर्याप्त है। यह उपाय किसी अन्य कानून के तहत **एसएमएचएफसी** को उपलब्ध सभी अन्य उपायों के अतिरिक्त और स्वतंत्र है। उधारकर्ता(ओं) का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें उपलब्ध समय के संबंध में, सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए और आगे अधिनियम की धारा 13(13) की ओर, जिसके तहत उधारकर्ता(ओं) को **एसएमएचएफसी** की पूर्व लिखित सहमति के बिना सुरक्षित परिसंपत्तियों का निपटान या उनसे निपटने या बिक्री, पट्टे या अन्यथा (व्यावसायिक गतिविधि के अलावा) किसी भी सुरक्षित परिसंपत्ति को स्थानांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया जाता है और उपरोक्त का अनुपालन न करना उक्त अधिनियम की धारा 29 के तहत दंडनीय अपराध है। डिमांड नोटिस की प्रति नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध है और उधारकर्ता(ओं) यदि चाहें तो इसे नीचे हस्ताक्षरकर्ता से किसी भी कार्य दिवस में सामान्य कार्यालय समय के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

**स्थान : मुरैना, मध्य प्रदेश**
**दिनांक : 11.11.2025**

**एसडी/-**
**प्राधिकृत अधिकारी,**
**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।**